सुदर्शन सेवा संस्थान

(रजि.)



किशन भैया सेवा सदन, रामसुख नगर, 11-एम्स रोड़, जोधपुर (राज.), मो. : 9602041500, 9587724365, 9672524365

मान्यवर विषयांतर्गत निवेदन है कि सुदर्शन सेवा संस्थान जोधपुर सामाजिक सहायता से चलने वाला एक सेवी संस्थान है जिसका मुख्य कार्यालय रामसुखनगर ,11 एम्स रोड़ जोधपुर पर स्थित है तथा किशन भैया सेवा सदन धर्मशाला संचालित करता है धर्मशाला में एम्स अस्पताल में विभिन्न शहरों व गावों से जो रोगी और उनके परिजन इलाज करवाने आते हैं उन सभी रोगियों एवं उनके परिजनों के लिए ठहरने व भोजन की उत्तम व्यवस्था संस्थान द्वारा की जाती है !

संस्थान द्वारा संचालित वाहन बैटरी चलित टेक्सी धर्मशाला एवं विभिन्न सेवा प्रकल्प हेतु –

श्रीमान जी सुदर्शन सेवा संस्थान द्वारा संचालित श्री किशन भैया सेवा सदन धर्मशाला में एम्स अस्पताल 2 किलोमीटर की दूरी पर पड़ता है एम्स अस्पताल से आने वाले रोगी व उनके परिजनों को बहुत कष्ट का सामना करना पड़ता है अत: संस्थान आपके सहयोग द्वारा उपलब्ध टैक्सी वाहनों द्वारा उनके परिवहन की सेवा उपलब्ध करवा रहा है मान्यवर सेवा वाहन के चालक व उनके वेतन की व्यवस्था संस्थान द्वारा सामाजिक सहयोग से सुचारू रूप से की जा रही है। वाहनों के सुचारू संचालन एवं रखरखाव मेंटेनेंस संस्थान द्वारा समय-समय पर करवाया जा रहा है।मान्यवर आपके द्वारा उपलब्ध सेवा वाहन द्वारा एम्स में आने वाले सैकड़ो मरीज व उनके परिजनों को धर्मशाला तक आने-जाने की व अस्पताल तक जाने की व्यवस्था से उनको राहत उपलब्ध हो रही है।इस सेवा को आगे बढ़ाने हेतु आपका सहयोग अपेक्षित है।





संस्थान द्वारा संचालित सेवा प्रकल्प एक होमियोपैथिक चिकित्सा केंद्र एवं एक धन्वंतरी चिकित्सा एलोपैथी का संस्थान के धर्मशाला में निशुल्क संचालित होते हैं संस्थान द्वारा वार्षिक 15 दिनों में एक बार चिकित्सा कैंप शहर की विभिन्न कच्ची बस्तियों व आसपास के गांव में होम्योपैथी चिकित्सा शिविर एवं एलोपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है तथा डॉक्टर की सेवा एवं दवाईयाँ संस्थान द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाती है चिकित्सा शिविर तक आने-जाने वह अन्य व्यवस्थाओं में आपके द्वारा उपलब्ध सेवा वाहनों (टेक्सी) के उपयोग से चिकित्सा शिविर संचालन में आवश्यक सहयोग मिल रहा है।





मान्यवर जी संस्थान द्वारा शहर की विभिन्न बस्तियों में वह आसपास के गांव में जो गंभीर रोगी मरीज है जिनका चिकित्सा उपकरणों की आवश्यकता रहती है जैसे मेडिकल बेड गद्दे और हवा गद्दे, व्हीलचेयर, ऑक्सीजन मशीन, ऑक्सीजन सिलेंडर, सक्शन मशीन, मॉनिटर व अन्य चिकित्सा उपकरण नि:शुल्क उपलब्ध करवाए जाते हैं इन उपकरणों को लाने व ले जाने के लिए सेवा वाहनों टैक्सी की उत्तम सेवा उपलब्ध है।





मान्यवर संस्थान द्वारा गौ सेवा प्रकल्प का संचालन बीमार घायल व दुर्घटनाग्रस्त गौ माता के लिए निःशुल्क सेवा वाहन एंबुलेंस का संचालन किया जाता है तथा विभिन्न गौ उत्पाद, दवाईयाँ जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है जिसमें आपके द्वारा उपलब्ध सेवा वाहनों से उचित सेवा कार्य किया जा रहा है।





मान्यवर संस्थान द्वारा प्लास्टिक मुक्तवातावरण के लिए एक बार यूज एंड थ्रो काम में आने वाले प्लास्टिक को और उसके रोकथाम हेतु संस्थान द्वारा शहर में पांच अलग-अलग स्थान पर स्टील बर्तन सेंटर सुचारू रूप से चल रहे है जहां पर समाज के लोग, विभिन्न सामाजिक आयोजनों में बर्तन सेंटर से नि:शुल्क बर्तन लेकर उपयोग कर वापस जमा करवाते हैं, संस्थान का आग्रह रहता है कि आप प्लास्टिक का बिलकुल उपयोग ना करें ।संस्थान के पास 20,000 बर्तनों के सेट उपलब्ध है ।





मान्यवर जी संस्थान द्वारा सर्वजातीय सामूहिक विवाह प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के पावन पर्व पर 101 जोड़ों का आयोजन किया जाता है विवाह मात्र रूपये1100/- के रजिस्ट्रेशन पर किया जाता है, विवाह में वर वधु के 50-50 परिजनों को आमंत्रित किया जाता है तथा गृहस्थी की संपूर्ण सामग्री उपहार स्वरूप दी जाती है तथा विवाह उपरांत भी वर्ष भर विभिन्न त्योहारों पर उनको सामाजिक समरसता का भाव उत्पन्न करने का प्रयास होता है ! इस आयोजन में 20,000 लोगों का भोजन होता है तथा समाज के भामाशाहों द्वारा इस आयोजन की पूर्ति होती है ।









मान्यवर जी संस्थान द्वारा मानव रोगी सेवा वाहन एम्बुलेंस संचालित की जाती है जो पूरे भारतवर्ष के लिए 24 घंटे बिना लाभ–हानि (नो प्रोफिट, नो लोस)के तहत सेवाएं दी जाती है जिसमें तीन एंबुलेंस सम्पूर्ण आईसीयू युक्तथा पांच साधारण एसी एंबुलेंस की सेवा दी जाती है !

मान्यवर जी संस्थान द्वारा निर्धन विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए स्कूल फीस, पुस्तक एवं विद्यालय गणेश वितरित की जाती है, पर्यावरण शुद्धता के लिए विभिन्न जगह पर पेड़ लगाना व उनके संरक्षण करना और उनका पालन पोषण करना संस्थान द्वारा अनारत किया जाता है अकाल ग्रस्त गांव में गौ माता व अन्य जानवरों को बचाने का प्रयास संस्था द्वारा किया जाता है तथा अंतिम यात्रा हेतु मोक्ष वाहन का भी संस्थान निशुल्क संचालन करता है !











किशन भैया सेवा सदन के निर्माण कार्य शुरू से पुर्ण होने तक की झलकियाँ











सदन में उपलब्ध सुविधाएँ

- भूतल सभा भवन
- स्वागत कक्ष
- भोजन शाला
- बहुउपयोगी स्थल
- 1 डोरमेट्री : ए.सी.
- 2 डोरमेट्री : एयरकूल्ड
- 2 लिफ्ट
- 24 कक्ष ए.सी.
- भूमिगत पार्किंग















उत्कर्ष के निर्मल गहलोत ने विवाह वर्षगांठ पर धर्मशाला निर्माण के लिए एक करोड़ रुपए दिए

नवज्योति/जोधपुर।

उत्कर्ष संस्थान के निदेशक निर्मल गहलोत ने बुधवार को एम्स हॉस्पिटल के सामने सुदर्शन सेवा संस्थान द्वारा सर्व समाज के लिए निर्माणाधीन धर्मशाला (किशन भैया सेवा सदन) में परिवार सहित विवाह की वर्षगांठ मनाई। इस मौके पर गहलोत ने



सुदर्शन सेवा संस्थान के कार्यालय का शुभारंभ

धर्मशाला निर्माण हेतु एक करोड़ रुपये का सहयोग दिया। धर्मशाला में जोधपुर के बाहर से इलाज कराने आने वाले मरीजों के परिजन भोजन व आवास की व्यवस्था नाममात्र के सेवा शुल्क में प्राप्त कर सकेंगे।

कार्यालय का किया शुभारंभ

सुदर्शन सेवा संस्थान जोधपुर के कार्यालय का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक हरदयाल वर्मा और किशन भैया सेवा सदन निर्माण समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र मेहता की मौजूदगी में पंडित राजेश दवे के सानिध्य में पूजा के साथ शुभारंभ किया गया । शुभारंभ कार्यक्रम में सुदर्शन सेवा संस्थान अध्यक्ष रतनलाल गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हीरालाल कुलरिया, अशोक बाहेती, गौतम जीरावला उपाध्यक्ष, शिवरतन राठी, रतन छाजेड़, महामंत्री कमलेश गहलोत, कोषाध्यक्ष पुखराज चोपड़ा, मंत्री भंवरलाल पंचारिया ,सह मंत्री गिरधारी जांगिड़, उदाराम सुथार और अन्य कार्यकर्ता परिवार सहित उपस्थित रहे।

गहलोत का आभार जताया

सुदर्शन सेवा संस्थान द्वारा निर्मित किशन भैया सेवा सदन के लिए एक करोड़ रुपए का सहयोग देने पर संस्थान के पदाधिकारियों ने गहलोत परिवार का आभार जताया।



रामसुख नगर में पौधरोपण

सुदर्शन सेवा संस्थान की ओर से मंगलवार को रामसुख नगर 11 एम्स रोड "किशन भैया सेवा सदन" के बाहर सघन पौधरोपण किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जोधपुर प्रांत संघचालक हरदयाल वर्मा के सानिध्य में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में सुदर्शन सेवा संस्थान के अध्यक्ष रतनलाल काका वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक बाहेती, महामंत्री कमलेश गहलोत, उपाध्यक्ष पुखराज चोपड़ा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

360 जोड़ों का करा चुके हैं पाणिग्रहण संस्कार...

सेवा की मिसाल पेश कर रहा सुदर्शन संस्थान





पत्रिका सेजल ग्राइड

प्रकल्पों में होते हैं सेवा कार्य

गौ-सेवा प्रकल्प

मानव सेवा प्रकल्प

जागरण सेवा प्रकल्प

पशु-पक्षी सेवा प्रकल्प

यह है संस्थान के पदाधिकारी

अब तक कराया 360 जोड़ों का सामूहिक विवाह

जोधपुर एक्सप्रेस

दैनिक सायंकालीन

जोधपुर, सोमवार 16 मार्च, 2020

सुदर्शन सेवा संस्थान ने 7200 लोगों को पिलाया औषधीय काढ़ा





जोधपुर एक्सप्रेस न्यूज

जोधपुर। सुदर्शन सेवा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की योजना पर महानगर में रोग प्रतिरोधक क्षमतायुक्त 7200 लोगों को औषधीय काढ़ा पिलाया गया।

गुरुवार पालीवाल ने बताया कि सुदर्शन सेवा संस्थान के अध्यक्ष रतनलाल गुप्ता को देखरेख में आज रिलेक्स 54वें दिन सेवा कार्य जारी रखा गया। आयुष मंत्रालय द्वारा जारी विधि से बनाया गया काढ़ा आज कॉलेज चौक, बापानगर, मायथा नगर, पंचोटा, महामंदिर, रातानाडा, चौखा, शास्त्रीनगर, केसरा नगर, पाल भागावाली, कुड़ी भगतासनी, मथुरादास नगर, पाल गांव, आयोजन नगर, बोरानाडा में लगभग 7200 व्यक्तियों को पिलाया गया।

कमलेश गहलोत ने बताया कि आयुष मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार बनाए गए औषधीय काढ़े में 16 तरह की औषधियों का मिश्रण किया गया है जिसमें गिलोय, तुलसी पत्र, हल्दी, हल्दी, बहेड़ा, पिप्पली, मुलेठी, बड़ी इलायची, अर्जुन छाल, अश्वगंधा, आंवला, बहेड़ा, हरड़, गुड़ और सौंफ नमक डाला गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक हरदयाल वर्मा के सानिध्य में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में सुदर्शन सेवा संस्थान अध्यक्ष रतन काका, समाजसेवी राधेश्याम रंगा, गौतम जीरावला, हीरालाल कुलरिया ने किया। लोकार्पण कार्यक्रम में पुखराज चोपड़ा, बंसीलाल भाटी, राधाकिशन राव, प्रफुल्ल मेहता, भंवरलाल पंचारिया, नथमल पालीवाल, गिरधारी लाल जांगिड़ आदि जोधपुर के प्रांत प्रचारक योगेंद्र, महामंत्री कमलेश गहलोत, कोषाध्यक्ष पुखराज चोपड़ा, मंत्री भंवरलाल पंचारिया ,सह मंत्री गिरधारी जांगिड़, उदाराम सुथार और अन्य कार्यकर्ता परिवार सहित उपस्थित रहे।



जोधपुर @ पत्रिका. प्रवासी भारतीय दिवस पर जोधपुर मूल की लंदन प्रवासी विमला- डॉक्टर गोविंद बापना ने अपनी पौत्री आर्या पुत्री नीतू नयनीश बापना की ओर से एक एंबुलेंस जनहितार्थ सुदर्शन सेवा संस्थान को भेंट की। एंबुलेंस का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जोधपुर के प्रांत प्रचारक योगेंद्र, सुदर्शन सेवा संस्थान अध्यक्ष रतन काका, समाजसेवी राधेश्याम रंगा, गौतम जीरावला, हीरालाल कुलरिया ने किया। लोकार्पण कार्यक्रम में पुखराज चोपड़ा, बंसीलाल भाटी, राधाकिशन राव, प्रफुल्ल मेहता, भंवरलाल पंचारिया, नथमल पालीवाल, गिरधारी लाल जांगिड़ आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कुमार जोशी ने बताया कि खण्डेलवाल व्यास, रामेश्वर व्यास, पुष्पराज लि और सीमा श्रद्धांजलि कृपाकिरण पुरोहित भी मौजूद रहे। स्कूली बच्चों को व्यास की जीवनी से परिचय करवाते हुए उनके योगदान भी बताए आयोजित किए जाएंगे।

सुदर्शन सेवा संस्थान का मेडिकल कैंप 17 को

जोधपुर | सुदर्शन सेवा संस्थान और ग्रेनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन जोधपुर प्रांत की ओर से 17 मार्च को एम्स के सामने स्थित किशन भैया सदन में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। इसमें 13 विशेषज्ञ डॉक्टर्स सेवाएं देंगे। शिविर में निशुल्क दवाइयां वितरित की जाएंगी। नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ. रासाराम सुथार ने बताया कि एम्स, एमडीएमएच व कई प्राइवेट अस्पतालों के विशेषज्ञ सेवाएं देंगे। आयोजन से पहले संस्थान की बैठक में व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में सुदर्शन सेवा संस्थान के अध्यक्ष रतनलाल गुप्ता, डॉ. सिद्धार्थ गौड़, डॉ. अनिल विश्नोई, डॉ. अमित भंडारी, हीरालाल सुथार, कमलेश गहलोत, नथमल पालीवाल, राधाकृष्ण राव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

राजस्थान पत्रिका

जोधपुर, रविवार 24 मई, 2020

एम्स के 50 डॉक्टर्स सहित कोरोना वारियर्स का सम्मान



जोधपुर@पत्रिका. सुदर्शन सेवा संस्थान की ओर से जनिवार को एम्स के 50 डॉक्टर्स सहित नर्सिंग स्टाफ वार्ड ब्वॉय आदि सभी कोरोना वारियर्स का सम्मान किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक ललित शर्मा, प्रांत संपर्क प्रमुख महेंद्र दवे, सेवा भारती प्रांत संगठन मंत्री स्वरूप दान, विभाग प्रचारक नितिन रूपेश कुमार, सेवा भारती प्रांत अध्यक्ष बिहारी लाल जांगिड़, महानगर प्रचारक जबर सिंह, संस्थान के अध्यक्ष रतनलाल गुप्ता, महामंत्री कमलेश गहलोत, कार्यक्रम संयोजक अशोक बाहेती, रतनलाल खजेड़, गौतम जीरावला, हीरालाल कुलरिया, राधाकिशन राव, गिरधारी जांगिड़, सुरेश अग्रवाल, नथमल पालीवाल आदि कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में एम्स के निदेशक संजीव मित्रा, उप निदेशक एनआर विश्नोई सहित कोरोना महामारी में दिन-रात सेवाएं देने वाले सभी कोरोना वारियर्स का शॉल व साफा पहनाकर तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया

दैनिक भास्कर

राजस्थान

जोधपुर, रविवार, 24 मई, 2020

सुदर्शन सेवा संस्थान ने एम्स के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को किया सम्मानित

अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की जान बचाने वाले कोरोना वॉरियर्स का सम्मान



सुदर्शन सेवा संस्थान की ओर से एम्स के 50 डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और वार्ड बॉय का साफा पहनाकर व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मान किया गया।

निती रिपोर्टर | जोधपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सेवा से सुदर्शन सेवा संस्थान भी ओर से एम्स के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और वार्ड बॉय को सम्मानित किया गया। संस्थान के नथमल पालीवाल ने बताया कि संस्थान अध्यक्ष रतनलाल गुप्ता की अगुवाई में एम्स के निदेशक डॉ. संजीव मित्रा, उप निदेशक एनआर विश्नोई और महामारी में दिन-रात सेवाएं देने वाले सभी कोरोना वॉरियर्स का अभिनंदन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक ललित शर्मा, प्रांत संपर्क प्रमुख महेंद्र दवे, सेवा भारती प्रांत संगठन मंत्री स्वरूपदान, विभाग प्रचारक नितिन रूपेश कुमार, सेवा भारती प्रांत अध्यक्ष बिहारी लाल जांगिड़, महानगर प्रचारक जबरसिंह, संस्थान महामंत्री कमलेश गहलोत, संघोचक अशोक बाहेती, रतनलाल खजेड़, गौतम रांकावत, हीरालाल कुलरिया, राधाकिशन राव, गिरधारी जांगिड़, सुरेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सुदर्शन सेवा संस्थान • 1000 अनाज के पैकेट बांट रहे हैं। रतनलाल गुप्ता, कमलेश गहलोत, राधाकिशन राव, नथमल पालीवाल सहयोग कर रहे हैं।

सुदर्शन सेवा संस्थान की ओर से सेवाकार्य जारी

हिंदू विस्थापित बस्तियों में किया एक हजार खाद्य सामग्री के पैकेट का निशुल्क वितरण

जोधपुर एक्सप्रेस न्यूज



जोधपुर। सुदर्शन सेवा संस्थान जोधपुर द्वारा कोरोना वायरस की महामारी के दौरान जरूरतमंद लोगों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से 10 किलो आटा, 1 किलो दाल, 1 किलो तेल, 1 किलो नमक, 1 किलो आलू, मिर्ची, धनिया व हल्दी पाउडर, एक पाव चाय की पत्ती, एक माचिस की डिब्बी तथा 1 किलो चावल का पूरा पैकेट किट दिया जा रहा है।

संस्थान के अध्यक्ष रतन लाल गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को सेवा स्थित हिंदू विस्थापित भील बस्ती, पुराना शहर, चोखा, कबीर नगर, गुर्रा का तालाब, भगत की कोठी, रातानाडा एवं मगरा पूंजला में अभावग्रस्त लोगों को प्रतिदिन 1000 अनाज के पैकेट निशुल्क वितरित किए जा रहे हैं। संघ के स्वयंसेवकों द्वारा बस्तियों में जाकर सर्वे करके जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

अशोक बाहेती ने बताया कि संस्थान के [illegible] सहयोग में संघ के [illegible] सावधानी से किया जा रहा है ताकि यह अन्य संगठन सेवा भारती, लघु उद्योग भारती एवं सहकार भारती एवं जोधपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का भी सहयोग मिल रहा है। संस्थान के सचिव राधाकिशन राव ने बताया कि संस्थान द्वारा 24 तारीख से अब तक जोधपुर के सभी बस्तियों और नगरों में 8900 पैकेट वितरण किए जा चुके हैं।

संस्थान के नथमल पालीवाल ने बताया कि समाज में पैकेट वितरण करने के साथ-साथ प्रशासन को भी पर्याप्त सहयोग दिया जा रहा है। संस्थान द्वारा किए जाने वाले इस कार्य में पूर्व महापौर धनराज ओझा, अशोक बाहेती, रतन छाजेड़, महावीर पोपावत, भंवरलाल पंचारिया, राजेंद्र भंडारी, सुरेश अग्रवाल, श्रीकांत पारीक, रमेश भट्टड़, देवीलाल पालीवाल, महेंद्र तंवर, अशोक सुहाग, अभिषेक सेन व महानगर संघ के कार्यकर्ताओं के सहयोग से सामग्री पैक कर के वितरण की जा रही है।

7 पर पढ़ें

धर्म . समाज . संस्था

जोधपुर, गुरुवार 15 मार्च, 2023

सिव • प्लास्टिक की रोकथाम पर 14 साल से काम कर रही सुदर्शन सेवा संस्थान की एक और पहल

15 हजार बर्तन खरीदे, अब ये शादी-समारोह के लिए मुफ्त में देंगे... ताकि डिस्पोजल बर्तनों का उपयोग रुके

पांच जगह सेंटर बनाए, सभी जगह 2-2 हजार बर्तन के सेट रखे

ग्लास से लेकर चम्मच तक की व्यवस्था करवाई जाएगी। ताकि छोटी से छोटी प्लास्टिक की चीजों पर अंकुश लगाया जा सके। खर्च वसूल लौटाने समय अगर निमंत्रे में कम मिले तो उसका चार्ज भी वसूल जाएगा।

संस्थान के मंत्री राधाकिशन राव ने बताया कि सुदर्शन सेवा संस्थान के पास 15 हजार थालों के सेट है। जिसमें पेंटर, कटोरी, चम्मच, गलास तथा प्लास्टिक की सिंगल यूज ग्लास की रोकथाम के लिए स्टील तथा तांबे के 1000 लोटे छोटे-मोटे 4-4 हजार बाउल सेट, चाय कॉपी के लिए 5 हजार स्टील की ग्लासें और स्टील की केतलियां खरीदी है।

संस्थान के उपाध्यक्ष हीरालाल कुलरिया ने बताया कि संस्था द्वारा कोई भी जोधपुर में सामाजिक प्रोग्राम होने की जानकारी मिलने पर संबंधित व्यक्ति से फिजूल सिंगल यूज प्लास्टिक रोकने के लिए आग्रह संस्थान द्वारा किया जाता है। साथ ही मांग के अनुसार संस्थान द्वारा निशुल्क बर्तन उपलब्ध करवाए जाते हैं। इसमें पेंटेड क्षेत्र में भोपालगांव पंचायत, तालीम कॉलेज क्षेत्र में आनंद माथुर, सरस्वती नगर क्षेत्र में मूलचौपर अटल, मयूरिया क्षेत्र में राधाकिशन तथा चांदना भाकर केंद्रीय नगर में लक्ष्मण के पास बर्तनों की देखरेख की जिम्मेदारी है। इनका ही नहीं सिंगल यूज प्लास्टिक काम नहीं लेने वाले लोगों का उनके कार्यक्रम में जाकर सम्मान और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान भी किया जाता है।



बड़े आयोजनों में स्वयं के वाहन में भेजते हैं बर्तन : संस्थान के मंत्री राव ने बताया कि बड़े सामाजिक आयोजनों में आयोजक स्थान पर संस्था की गाड़ी से ही बर्तन पहुंचाया जाता है। इसका भी आयोजकों से किसी भी तरह का कोई किराया भी नहीं वसूल जाता है।

पार्थिव देह सुरक्षित रखने के लिए भेंट किए डी-फ्रिज

जोधपुर। सुदर्शन सेवा संस्थान के सामाजिक सहभागिता सेवा के कार्यों से प्रेरित होकर दो परिवारों ने संस्थान को डी फ्रिज भेंट किए। संस्थान में भेंट किए डी फ्रिज शहर से बाहर पार्थिव देह को ले जाने के लिए निशुल्क दिए जाएंगे।

संस्थान के अध्यक्ष रतनलाल गुप्ता व महामंत्री कमलेश गहलोत ने बताया कि राजकुमारी मित्तल और जयसिंह, डॉ. राजेंद्रसिंह और विजय कुमार व उनके परिवार ने एक-एक डी फ्रिज सुदर्शन सेवा संस्थान को भेंट किया। संस्थान के नथमल पालीवाल भामाशाह का आभार जताया।



ने बताया कि संस्थान को भेंट किए डी फ्रिज कमलेश प्रजापत की देखरेख में समाज के किसी भी परिवार में जरूरत होने पर निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके साथ ही किसी व्यक्ति का जोधपुर से बाहर पार्थिव शरीर ले जाने के लिए भी डी फ्रिज काम में ले सकेंगे। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक बाहेती, हीरालाल कुलरिया ने डी फ्रिज देने वाले

सुदर्शन सेवा संस्थान कोरोनाकाल में कर रहा सेवा कार्य

जोधपुर एक्सप्रेस न्यूज



जोधपुर। सुदर्शन सेवा संस्थान मानवीय सेवा के कार्यों के प्रति हमेशा समर्पित रहा है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में संस्थान पिछले 10 वर्षों से विपरीत परिस्थितियों में सभी वर्गों के साथ सामाजिक समरसता के भाव के साथ अभावग्रस्त बंधुजनों का निरंतर सहयोग कर रहा है। वर्तमान में कोरोना महामारी के दौरान संस्थान मेडिकल के क्षेत्र में आईसीयू, मेडिकल, एंबुलेंस व मोक्ष वाहन के साथ समाज सेवा के अन्य कार्यों को भी अंजाम दे रहा है।

संस्थान के महामंत्री कमलेश गहलोत ने बताया कि संस्थान की वर्चुअल बैठक संस्थान अध्यक्ष रतनलाल गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक बाहेती, गिरधारी लाल जांगिड़, कमलेश प्रजापति, उदाराम सुथार के सानिध्य में रखी गई, जिसमें सुदर्शन सेवा संस्थान ने सामाजिक सेवा व सहयोग के लिए संपर्क सूत्र जारी किए गए हैं। वर्तमान में संस्थान की 10 एंबुलेंस (आईसीयू, वेंटीलेटर युक्त) समाज की सेवा में लगी हुई है। संपर्क सूत्र 9672524365, 9587724365 के माध्यम से समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपनी आवश्यकतानुसार सहयोग ले सकता है।

मोक्ष वाहन का लोकार्पण



जोधपुर एक्सप्रेस न्यूज

जोधपुर। स्वर्गीय शंकरलाल वैद्य जयनारायण की स्मृति में राजेंद्र प्रसाद व रोहित जोशी परिवार द्वारा सुदर्शन सेवा संस्थान को अंतिम यात्रा के लिए मोक्ष वाहन भेंट किया गया। मोक्ष वाहन का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं क्षेत्र के कार्यकारिणी सदस्य नंदलाल बाबा द्वारा किया गया। साथ ही सुरेश अग्रवाल द्वारा 10 पलंग सुदर्शन सेवा संस्थान को भेंट किए गए। कार्यक्रम में प्रांत संघचालक हरदयाल वर्मा, प्रांत कार्यवाह खोमाराम, क्षेत्रीय धर्म जागरण प्रमुख ललित शर्मा, सहकार्यवाह बंशीलाल भाटी, सुदर्शन सेवा संस्थान के अध्यक्ष रतनलाल गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हीरालाल कुलरिया, अशोक बाहेती उपाध्यक्ष शिवरतन राठी, रतनलाल छाजेड़, कमलेश गहलोत, पुखराज चोपड़ा, भंवरलाल पंचारिया, नथमल पालीवाल, उदाराम सुथार, सुरेश अग्रवाल, मुरलीधर अटल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



निजी एंबुलेंस चालकों की अधिक वसूली जारी, जिम्मेदार दूसरे राज्यों की गाड़ियों के आंकड़े तक नहीं जुटा पाए

बिका ज़मीर: संक्रमण के दौर का फायदा उठाने से नहीं चूक रहे एंबुलेंस चालक, 4 गुना तक वसूल रहे दाम, परिजन मजबूर

सुदर्शन सेवा संस्थान ने शव स्वर्गाश्रम पहुंचाएं: शहर में कोविड की आपदा आई हुई है। हर कोई चिंतित है। आज भी एमडीएमएच में 8 मौतें हुईं। कई निजी एंबुलेंस खड़ी थीं, लेकिन कोई भी शव ले जाने को तैयार नहीं था। आखिर सुदर्शन सेवा संस्थान को एंबुलेंस ने एक-एक कर शव ले जाने का पुण्य कार्य किया।

छाइम रिपोर्टर | जोधपुर

कोरोना महामारी बढ़ने के चलते शहर के तीनों बड़े अस्पतालों में शवों की जैसे कतार सी लग रही है। रोजाना 12-15 संक्रमितों की मौत हो

भाई की मौत के बाद शव ले जाने के लिए बड़े भाई से एंबुलेंस चालक ने वसूल लिए 2 हजार

केस 1 मंडोर निवासी 37 साल के महेंद्र सिंह की एमजीएच में कोविड से मौत हो गई। शव को स्ट्रेचर पर अस्पताल के बाहर रख दिया। परिजनों ने एंबुलेंस चालक से मंडोर इलाके में शव ले

केस 3 नांदड़ी बनाड़ निवासी 67 साल के मोहनलाल की मौत हो गई। इस पर शव को कागा नागौरी गेट ले जाने के लिए एंबुलेंस चालकों ने अलग-अलग रुपए यानी मनमर्जी वसूले। ये भी कहा कि गाड़ियां कम हो हैं, ले जाना है तो बोलो।

- अपने फिजिशियन के संपर्क में रहें।
- शरीर का तापमान-ऑक्सीजन चेक करते रहें।
- अगर पांच दिन से अधिक समय तक सांस लेने में परेशानी हो रही हो, तेज बुखार हो, सीवियर कफ हो तो तत्काल डॉक्टर को दिखाएं।
- अस्पताल में भर्ती मरीज की हालत गंभीर है, तो उसे रेमडेसिविर दी जाए। घर पर आइसोलेट या अस्पताल में बिना ऑक्सीजन बेड के भर्ती मरीजों को रेमडेसिविर ना दी जाए।

, बुधवार, 1 अप्रैल 2020
iknavajyoti.com
जोधपुर



जरूरतमंदों के साथ संघ का हाथ

नवज्योति/जोधपुर।

जब-जब समाज पर संकट आया है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यकर्ता समाज में समाज के लोगों के साथ डटकर खड़ा रहा। उसी संकल्प को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय आपदा में आज संघ का कार्यकर्ता अपने संकल्प को पूर्ण करते हुए समाज के बीच दिखाई दे रहा है।

महानगर संघ चालक ने बताया कि संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा जोधपुर महानगर में जरूरतमंद परिवारों को चिन्हित करके बस्ती प्रमुखों के माध्यम से घर-घर भोजन सामग्री पहुंचाने का कार्य निरंतर एक सप्ताह से चल रहा है। इसी योजना के तहत आज सुदर्शन सेवा संस्थान के अध्यक्ष रतनलाल गुप्ता, पूर्व महापौर घनश्याम ओझा, महावीर चोपड़ा अशोक बाहेती कमलेश गहलोत नथमल पालीवाल व महानगर संघ की टीम के नेतृत्व में प्रत्येक नगर में भोजन की सूखी सामग्री के लगभग 1000 भोजन के किट पहुंचाए।

रतनलाल गुप्ता ने बताया कि आज काली बेरी स्थित अंबेडकर कॉलोनी सांसी बस्ती झालामंड संगरिया बनाड़ रोड मसूरिया महामंदिर भदवासिया हाथीराम का ओडा आदि विभिन्न महानगर के क्षेत्र में भोजन पैकेट कार्यकर्ताओं के माध्यम से वितरित किए गए। वितरण व्यवस्था में भंवर लाल पंचारिया राधा किशन राव रमेश भटड़ गणपत प्रजापत प्रहलाद सोनी, श्रीकांत पारीक राजेंद्र भंडारी अशोक पालीवाल दला राम गहलोत महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा भोजन पैकेट तैयार किए गए।

दैनिक भास्कर
जोधपुर 28-09-2022

सुदर्शन सेवा संस्थान का आरोग्य भवन... सभी समाजों के लिए खुला

मरीजों के परिजन के लिए एसी वाले 24 कमरे 300 की क्षमता के 2 हॉल, 70 रु. में भोजन

कम्युनिटी रिपोर्टर | जोधपुर

- 2 को उद्घाटन
- 24 घंटे मिलेंगी सेवाएं
- भोजनशाला व लिफ्ट की सुविधा भी



एम्स के सामने सुदर्शन सेवा संस्थान के इस 3 मंजिला आरोग्य भवन में मरीज-परिजनों के सभी सुविधाएं की गई हैं।

मेडिकल टीम व एंबुलेंस की सुविधा भी

संस्थान अध्यक्ष रतन काका व निर्माण समिति अध्यक्ष रघेश्याम रंगा का कहना है कि यहां आने वाले मरीजों व उनके रिश्तेदारों को गाइडेंस के लिए यहां मेडिकल टीम चौबीस घंटे सेवाएं देगी। इसके अलावा एंबुलेंस, व्हीलचेयर आदि की सुविधा के अलावा किसी का निधन हो जाता है तो शव रखने के लिए डीप फ्रिज की सुविधा भी रहेगी।

बैठक में निर्णय, गांधी जयंती के दिन उद्घाटन

आरोग्य भवन उद्घाटन को लेकर मंगलवार को संस्थान की बैठक हुई। इसमें सर्व समाज के लिए 2 अक्टूबर यानी महात्मा गांधी जयंती के दिन उद्घाटन समारोह रखने का निर्णय लिया गया। इसमें अशोक बाहेती, राजेंद्र मेहता, गौतम जीरावला, ज्ञानेश्वर भाटी, रतन जैन, राधाकिशन राव आदि मौजूद थे।

दैनिक नवज्योति
जोधपुर, गुरुवार, 27 मई 2021

सुदर्शन सेवा संस्थान ने गौशाला में दिया चारा

नवज्योति/जोधपुर। सुदर्शन सेवा संस्थान की ओर से मानव सेवा के साथ ही गायों के लिए गौशाला में सेवा कार्य किए जा रहे हैं। संस्थान के महामंत्री कमलेश गहलोत ने बताया, संस्थान मेडिकल के साथ.साथ गौ सेवा वाहन बीमार गायों के लिए निशुल्क उपलब्ध करवा रहा हैं। बुधवार को रतन लाल गुप्ता, रतन लाल छाजेड़, नथमल पालीवाल व भगाराम पटेल के सानिध्य में डोली गौशाला में गायों के लिए चारा उपलब्ध करवा गायों को गुड़ खिलाया।



कोरोना काल सेवा कार्य

मान्यवर जी सुदर्शन सेवा संस्थान ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से कोरोना काल मै लॉकडाउन में 45 दिन तक जोधपुर शहर को 18 नगरों और 245 बस्तियों में बाटकर प्रत्येक नगर का एक नगर कार्यवाह एक सह नगर कार्यवाह और सभी बस्तियों में बस्ती प्रमुख और सह बस्ती प्रमुख (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की व्यवस्था अनुसार) बनाकर उनके साथ 10-10 लोगों की टोली बनाकर बस्ती अनुसार सर्वे किया और सुदर्शन सेवा संस्थान ने भोजन किट बनाकर एक किट के अंदर 10 किलो आटा आधा किलो मिर्च 1 किलो नमक एक पाव हल्दी आधा किलो धनिया 2 किलो तेल सूखी सब्जी आलू प्याज एक परिवार के 10 दिन के लिए एक भोजन किट तैयार करके जहां पर जी बस्ती में जिस परिवार को आवश्यकता होती थी वहां का सर्वे करवाकर वहां तक किट पहुंचने का काम किया पूरे कोरोना लॉकडाउन में 24445 किट बनाकर जोधपुर महानगर के 18 नगरों और 245 बस्तियों में वितरित किया गया।

कोरोना कल में लोगों में इम्यूनिटी बूस्ट आंतरिक शक्ति बढ़ाने के लिये ओर करोना से लड़ने के लिए आयुर्वेदिक काढ़ा तैयार किया गया जिसमे तेरा 13 जड़ी बूटियां का सम्मिश्रण होता था जोधपुर में लगभग तीन लाख लोगों को आयुर्वेदिक काढ़ा बनाकर पिलाया गया और 60000 आयुर्वेदिक पाउडर पाउच बनाकर शहर में वितरित किए गए।

मान्यवर जी जोधपुर स्वस्थ जोधपुर के लिए संस्थान द्वारा समय-समय पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है 2024 के चिकित्सा शिविर में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन NMO के संयुक्त सहयोग से सुदर्शन सेवा संस्थान ने विशाल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 15 अलग-अलग विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा सेवाएं दी गई लगभग डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ 45 लोगों के दल ने सेवाएं दी तथा सुदर्शन सेवा संस्थान के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी इस कार्य के लिए लगे प्रातः 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक 435 लोगों का विभिन्न बीमारियों का इलाज और परामर्श और निशुल्क दवाएं वितरित की गई तथा आगे भी उनको संस्थान के भवन में चलने वाले एलोपैथी चिकित्सालय में जाकर इलाज करवाने की व्यवस्था दी गई





मेडिकल शिविर सेवा कार्य

मान्यवर जी जोधपुर स्वस्थ जोधपुर के लिए संस्थान द्वारा समय-समय पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है 2024 के चिकित्सा शिविर में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन NMO के संयुक्त सहयोग से सुदर्शन सेवा संस्थान ने विशाल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 15 अलग-अलग विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा सेवाएं दी गई लगभग डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ 45 लोगों के दल ने सेवाएं दी तथा सुदर्शन सेवा संस्थान के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी इस कार्य के लिए लगे प्रात: 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक 435 लोगों का विभिन्न बीमारियों का इलाज और परामर्श और निशुल्क दवाएं वितरित की गई तथा आगे भी उनको संस्थान के भवन में चलने वाले एलोपैथी चिकित्सालय में जाकर इलाज करवाने की व्यवस्था दी गई।











CSR A/C No. SUDARSHAN SEWA SANSTHAN, UCO BANK A/C NO. : 10940110051337
IFSC CODE : UCBA0001094, BRANCH : MIA, BASNI, JODHPUR

आयकर की धारा 80 G के अन्तर्गत छूट, No.AAOTS4568F/08/14-15/S-0116/80G

Surya DTP # 789-14 789-15